कार्यालय अधिष्ठाता शैक्षिक, किया कलाप
हरकोर्ट बटलर प्राविधिक विश्वविद्यालय, कानपुर–02

पत्र सं0: 585 / शैक्षिक / द्वि.श.प. / 2019–20 दिनांक: 29 / 09 / 2019

:: सूचना ::

द्वितीय वर्ष में अध्ययनरत बी0टेक0 छात्रों के शाखा परिवर्तन सम्बन्धी

प्राविधिक शिक्षा अनुभाग के पत्र सं0 3105 / 2003–सोलह–1–13(82) / 99 टीसी दिनांक 11 / 09 / 2003 (यथा परिवर्तित) के अनुरूप प्रदेश की इंजीनियरिंग प्रवेश परीक्षा के आधार पर विश्वविद्यालय में बी0टेक0 प्रथम वर्ष में वर्ष 2018–19 में प्रवेश प्राप्त छात्र / छात्राओं को बिना कैरीओवर के बी0टेक0 प्रथम वर्ष की परीक्षा विगत शैक्षिक वर्ष में उत्तीर्ण कर द्वितीय वर्ष में अध्ययनरत् होने पर उनके बी0टेक0 प्रथम वर्ष के प्राप्तांक के आधार पर शाखा अन्तर परिवर्तन अनुमन्य किया जाना है। इस सन्दर्भ में बी0टेक0 अध्यादेश में की गई व्यवस्था निम्नवत है :

Change in Branch shall be allowed in the second year (III semester) on the basis of (a) performance in B.Tech. First year (both semester) (b) candidates alloted category and (c) branch choice preference to those who pass without any carryover subject to the guidelines prescribed by UP State Government.

यह शाखा परिवर्तन किसी शाखा विशेष में उस सीमा तक अनुमन्य होगा जिससे कि उस शाखा विशेष में शेष रह गये छात्रों की संख्या प्रवेशित छात्रों की संख्या के 75 प्रतिशत से न्यून न हो। साथ ही शेष बचे छात्रों की संख्या अभातशिप द्वारा स्वीकृत प्रवेश क्षमता के 50 प्रतिशत से कम नहीं होगी। विभिन्न शाखाओं के अन्तर्गत संवर्ग विशेष में वर्तमान में उपलब्ध रिक्तियों का विवरण निम्नवत् है:–

क0सं0	शाखा / संवर्ग	सामान्य	अन्य पिछड़ा	अनुसूचित जाति	अनुसूचित जनजाति	योग
1.	CH	1	0	0	0	**1**
2.	CS	1	2+1PH	0	0	**4**
3.	EE	1	0	0	0	**1**
4.	ET	1	0	0	0	**1**
5.	LT	4	0	0	0	**4**
6.	ME	3	0	0	0	**3**
	योग	**11**	**2+1PH**	**0**	**0**	**14**

उक्त रिक्तियॉ एक्स स्टूडेन्ट एवं विगत शैक्षिक सत्र अथवां उससे पूर्व के छात्रों के पुर्नप्रवेश से परिवर्तित हो सकती है। **छात्रों को शाखा परिवर्तन अनुमन्य किये जाने के कारण उपरोक्त इंगित रिक्तियों में अभिवृद्वि सहित उन शाखा सह संवर्गो में भी रिक्तियॉ हो सकती हैं, जिनमें रिक्तियॉ इंगित नहीं है। अतः छात्र उस समस्त शाखाओं जिसमें वह शाखा परिवर्तन के इच्छुक हों, का विकल्प अपने आवेदन में उल्लिखित शाखा वरीयता में अवश्य इंगित करें।** शाखा वरीयता में न इंगित शाखा के सन्दर्भ में छात्र का शाखा परिवर्तन विचारणीय नहीं होगा। शाखा परिवर्तन पूर्णतः प्रोविजनल आधार पर किया जायेगा, जिस पर कुलपति महोदय का पूर्णधिकार होगा, जिससे अनुमन्य किया गया शाखा परिवर्तन बदला या वापस लिया जा सकता है।

इच्छुक छात्र नें अपना आवेदन विलम्बतम् दिनांक अक्टूबर 03, 2019(गुरूवार) को प्रातः 11:00 बजे तक पटल सहायक श्री सूर्यमणि तिवारी को प्रस्तुत कर देंगें। सभी आवेदक छात्र इस आवेदन की प्रविष्टि पटल पर उपलब्ध पंजिका में भी अनिवार्य रूप से करेंगें तथा पंजिका में दर्ज प्रविष्टि का कमांक भविष्य के सन्दर्भ हेतु संरक्षित रखेंगे। निर्धारित समय के पश्चात् शाखा परिवर्तन का कोई अनुरोध स्वीकार्य नहीं होगा।

शाखा परिवर्तन के लिये आवेदन करने वाले छात्रों की सूची मय उनके प्राप्तांक एवं विकल्प के विवरण सहित छात्रों के सन्दर्भ के लिये अधिष्ठाता शैक्षिक, किया कलाप के सूचना पटट् पर दिनांक 04/10/2019 (शुक्रवार) अपरान्ह 02:00 बजे प्रदर्शित कर दी जायेगी। आवेदक छात्र के प्राप्तांक के सन्दर्भ में किसी भी त्रुटि को आवदेक सहित किसी भी छात्र द्वारा इंगित करना हो तो वह दिनांक 05/10/2019 (शनिवार) को सायं 05:00 बजे तक अधोहस्ताक्षरी को इसका लिखित प्रत्यावेदन दे सकता है।

दिनांक 07/10/2019 (सोमवार) को अपरान्ह 04:00 बजे तक छात्रों के आवेदन के आधार पर अनुमन्य किये गये शाखा परिवर्तन का आदेश अधिष्ठाता शैक्षिक, कियाकलाप के सूचना पटट् पर प्रदर्शित कर दिया जायेगा।

शाखा परिवर्तन का आवेदन करने के उपरान्त उसे वापस लेने या विकल्प में परिवर्तन करने इत्यादि का कोई भी अनुरोध किसी भी दशा में स्वीकार्य नहीं होगा। छात्र के आवेदन के आधार पर परिवर्तित शाखा में अध्ययन करना अनिवार्य होगा। अतः सभी छात्र / छात्राओं से अपेक्षा है कि शखा परिवर्तन सम्बन्धी आवेदन पूर्ण रूप से विचार करने के उपरान्त ही प्रस्तुत करें।

(रजनी विष्ट)
सह अधिष्ठाता शैक्षिक, किया कलाप

प्रतिलिपि निम्नोक्त को सूचनार्थ एवं आवशयक कार्यवाही हेतु प्रेषितः

1. समस्त विभागाध्यक्ष को इस अनुरोध के साथ कि इसे विभाग के सूचना पटट् पर छात्र के संज्ञानार्थ प्रदर्शित किये जाने हेतु संबंधित को आदेशित करने का कष्ट करें।
2. अधिष्ठाता छात्र कल्याण को दस प्रति इस अनुरोध के साथ कि इसे छात्रावासों के सूचना पटट् पर छात्र के संज्ञानार्थ प्रदर्शित किये जाने हेतु संबंधित को आदेशित करने का कष्ट करें।
3. सिस्टम मैनेजर, एच0बी0टी0यू0, कानपुर को इस आशय के साथ कि उक्त सूचना को विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर अपलोड कराने का कष्ट करें।
4. विशेष कार्याधिकारी, कुलपति कैम्प, एच0बी0टी0यू0, कानपुर।
5. श्री सूर्यमणि तिवारी, पटल सहायक, एच0बी0टी0यू0, कानपुर।

30/9/19

(रजनी विष्ट)
सह अधिष्ठाता शैक्षिक, किया कलाप

शाखा परिवर्तन हेतु आवेदन का प्रारूप

1	छात्र का नाम:	
2	छात्र के पिता का नाम:	
3	छात्र का मोबाइल नं0:	
4	छात्र का परीक्षा का अनुक्रमांक:	
5	छात्र का कक्षा अनुक्रमांक:	
6	छात्र की वर्तमान शाखा:	
7	संवर्ग: सामान्य/अन्य पिछड़ा वर्ग/अनुसूचित जाति/ अनुसूचित जनजाति/एफ0डब्ल्यू0	
8	बी0टेक0 प्रथम वर्ष में छात्र का कुल प्राप्तांक: (अंकतालिका की छाया प्रति संलग्न करें)	

शाखा की वरीयता (अनिवार्य रूप से प्रथम वरीयता से प्रारम्भ कर अन्तिम तक वरीयता क्रम में इंगित करें।)

1	
2	
3	
4	
5	
6	
7	
8	
9	
10	
11	
12	

छात्र का हस्ताक्षर